दिनांक 06.01.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

महापौर देवेन्द्र यादव ने ''भिलाई के गोठ'' कार्यक्रम के तहत् तीसरे पड़ाव में शनिवार को रिसाली जोन 06 अंतर्गत वार्ड 58 व 59 में चौपाल लगाई

भिलाईनगर/ निगम महापौर देवेन्द्र यादव ने भिलाई के गोठ कार्यक्रम के तहत् आज रिसाली जोन के अंतर्गत वार्ड 58 एवं 59 रिसाली सेक्टर के उत्तर एवं दक्षिण में बी.एस.पी. एवं निगम के अधिकारियों, के संयुक्त टीम के साथ वार्ड का भ्रमण किया गया। वार्ड भ्रमण करने के पश्चात् वार्ड के नागरिकों के साथ एकता मंच पहुंचकर चौपाल लगाई गई। वार्ड के नागरिकों ने पुष्पगुच्छ देकर महापौर का स्वागत किया।

निगम महापौर श्री यादव ने चौपाल के दौरान उपस्थित महिलाएं एवं पुरुष के द्वारा वार्ड की समस्या से संबंधित आवेदन एवं अपनी वार्ड से संबंधित समस्याएं महापौर के समक्ष रखी जिसके निराकरण के लिए बीएसपी एवं निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये। वार्ड के नागरिकों के द्वारा प्रमुख रुप से क्षेत्र में स्ट्रीट लाईट समस्या हमेशा बनी रहती है जिससे रात्रि में आवागमन की समस्या होती है इस हेतु रात्रि में भी स्ट्रीट खम्बों पर विद्युत की रोशनी बनी रहे, नालियों की मरम्मत, वार्ड के युवाओं के द्वारा फुटबॉल ग्राउण्ड को लेवलिंग कराने एवं बॉलीबाल एवं बैडमिंटन का नवीन ग्राउण्ड तैयार कराने, पुलिया मरम्मत संधारण कार्य, का मांग प्रमुख रही इन समस्त मांगो के निराकरण किये जाने के संबंध में प्रपोजल तैयार करने एवं नागरिकों के द्वारा रखी गई समस्या पर प्राथमिकता से लेते हुए संबंधित विभागों को पत्र प्रेषित किये जाने के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। वार्ड के अन्य समस्याओं के रुप में अवैध कब्जा, पानी की समस्या, प्रकाश व्यवस्था, नाली, सड़क के किनारे फैले कचरे की सफाई एवं पेयजल, आधार कार्ड, मजदुर कार्ड इन सभी समस्याओं से महापौर को अवगत कराया।

महापौर देवेन्द्र यादव से वार्ड के नागरिकों ने लड्डू मैदान में असामाजिक तत्वों एवं नशाखोरी करने वालों की भीड़ शाम से ही जुट जाती है जिसके कारण उक्त मैदान पर परिवार सहित लोगों का आना जाना नहीं हो पाता है तथा हमेशा अप्रिय घटना होने की संभावना बनी रहती है इस समस्या पर विशेष रुप से महापौर जी को अवगत कराया गया, उक्त समस्या को गंभीरता से लेते हुए महापौर श्री यादव ने पुलिस अधीक्षक से स्वयं बात करने की बात कही एवं इस संबंध में पुलिस विभाग को पत्र प्रेषित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये गये।

निगम महापौर ने बीएसपी एवं निगम के अधिकारियों को आगामी ग्रीष्म ऋृतु को देखते हुए जहॉ–जहॉ पर बारिश की वजह से पानी भराव हो जाता है ऐसे स्थानों को पहले से ही चिन्हाकिंत कर लेवें जिससे पानी निकासी की व्यवस्था की जा सके। सड़क नम्बर–180 के नाली को मुख्य नाली में जोड़ने हेतु प्राक्कलन तैयार करें जिससे उक्त वार्ड की प्रमुख समस्या का निदान कराया जा सके।

वार्ड भ्रमण के दौरान महापौर देवेन्द्र यादव, पार्षद चुम्मन देशमुख, पार्षद चन्द्रभान सिंह ठाकुर, पार्षद भूपेश ठाकुर, जोन आयुक्त टी0के0 रणदिवे, रानी बिन्द्रा, बसंती पाण्डेय, शशि सिन्हा, आशीष बिन्द्रा, जे.के. पाण्डेय, सुनील कुमार सोनी, आर.एस. शर्मा, बी.आर. कन्नौजे, बीएसपी के

अधिकारी, महापौर परिषद के सदस्य, वार्ड पार्षद, उपअभियंता, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक, वार्ड के गणमान्य नागरिक सहित बीएसपी एवं निगम के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जन सम्पर्क अधिकारी